1. **मन्नू भंडारी द्वारा लिखित 'रजनी' धारावाहिक एक —— है |**
   A. आत्मकथा
   B. पटकथा
   C. संस्मरण
   D. शब्दचित्र (B)

*व्याख्या :* 'रजनी' एक सामाजिक विषय पर आधारित पटकथा है जो शिक्षा व्यवस्था की कमियों पर प्रकाश डालती है।

2. **रजनी के पति उसके विरुद्ध थे क्योंकि यह उसके —— मामला था।**
   A. पुत्र
   B. पड़ोसी
   C. रिश्तेदार
   D. पुत्री (A)

*व्याख्या :* रजनी का पति इस आंदोलन के खिलाफ था क्योंकि यह मामला उसके पुत्र अमित से जुड़ा था।

3. **रजनी अमित की समस्या को लेकर सर्वप्रथम कहाँ जाती है ?**
   A. अभिभावक के पास
   B. संपादक के पास
   C. शिक्षा निदेशक के पास
   D. हेडमास्टर के पास (D)

*व्याख्या :* रजनी सबसे पहले अमित की शिकायत लेकर हेडमास्टर के पास जाती है।

4. **"रजनी' पिछली सदी के किस दशक का एक बहुचर्चित टी0वी0 धारावाहिक रहा है ?**
   A. सातवें
   B. नौवें
   C. छठे
   D. आठवें (D)

*व्याख्या :* 'रजनी' धारावाहिक अस्सी के दशक का एक चर्चित धारावाहिक रहा है।

5. **रजनी किस प्रकार की नारी है ?**
   A. संघर्षशील
   B. अन्याय की विरोधी
   C. निर्भीक
   D. इनमें सभी (D)

*व्याख्या :* रजनी एक संघर्षशील, अन्याय की विरोधी और निर्भीक नारी के रूप में प्रस्तुत की गई है।

6. **रजनी ने प्राइवेट ट्यूशन के विरुद्ध क्या छेड़ दिया ?**
   A. अभियान
   B. युद्ध
   C. आंदोलन
   D. लड़ाई (C)

*व्याख्या :* रजनी ने शिक्षा व्यवस्था में निजी ट्यूशन के विरुद्ध एक आंदोलन छेड़ दिया।

7. **"आपने तो इसे बाकायदा आंदोलन को रूप ही दे दिया।" यह कथन किसने कहा?**
   A. शिक्षा निदेशक
   B. संपादक
   C. अमित के माता-पिता
   D. उसका पति (D)

*व्याख्या :* रजनी के पति ने यह बात कही जब रजनी ट्यूशन के खिलाफ गंभीर हो गई।

8. **अमित दुखी था क्योंकि उसे किस विषय में अच्छे अंक प्राप्त नहीं हुए थे ?**
   A. गणित
   B. विज्ञान
   C. अंग्रेजी
   D. संस्कृत (A)

*व्याख्या :* अमित गणित विषय में कम अंक आने से दुखी था।

9. **'रजनी' पटकथा किस समस्या की ओर हमारा ध्यान खींचती है ?**
   A. ग्रामीण शिक्षा
   B. व्यवसाय बनती शिक्षा
   C. शहरी शिक्षा
   D. प्रौढ़ शिक्षा (B)

*व्याख्या :* रजनी शिक्षा को व्यवसाय बनाने के विरोध में खड़ी होती है, जो इस पटकथा का मुख्य विषय है।

10. **रजनी किससे कहती है कि सेविंथ क्लास के अमित सक्सेना की मैथ्स की कॉपी देखना चाहती हूँ ?**
    A. हेडमास्टर से
    B. क्लास टीचर से
    C. मैथ के टीचर से
    D. इनमें कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* रजनी हेडमास्टर से अमित की कॉपी देखने की मांग करती है।


मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES